कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 28.02.2025

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

''प्रतिभा सम्मान''

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में प्रावीण्य सूची में अमीषा देवांगन एम. ए. चतुर्थ सेम. हिन्दी ने चतुर्थ स्थान एवं अष्टम स्थान प्राप्त कु. लीना घावड़े को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा- कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। केवल उत्तीर्ण होने के लिए विद्या अध्ययन नहीं करना चाहिए, अपितु ज्ञानार्जन के उद्देश्य से विद्या अध्ययन करना चाहिए। अध्ययनरत छात्राओं से उन्होनें कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्राओं से प्रेरित होकर उस दिशा में सतत् प्रयत्नशील रहें।

इस अवसर पर वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में सहभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा डॉ. आरती सिंग राठौर अतिथि व्याख्याता को भी सम्मानित किया गया तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. मुक्ता बाखला आदि ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव व आभार श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग